अमृत विचार
बरेली महानगर
बरेली , रविवार, 7 दिसंबर 2025
PAGE NO.- 04 : MIDDLE

# 370 रनों से जीता एसआरएमएस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- न्यू जेनरेशन को बड़े अंतर से हराया

**अमृत विचारः** रविंद्रनाथ टैगोर अंडर-14 कप की शनिवार से कैंट स्थित रविंद्रनाथ टैगोर क्रिकेट ग्राउंड पर शुरुआत हुई। पहला मैच एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी और न्यू जेनरेशन अकादमी के बीच खेला गया, जिसमें एसआरएम ने न्यू जेनरेशन को 370 रनों के बड़े अंतर से हराया। न्यू जेनरेशन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस की टीम ने निर्धारित 40 ओवर में 416 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। एसआरएमएस के लिए दिव्यांश दिवाकर ने 142 रनों की पारी खेली। रिजवान ने 88 और विरल भटनागर ने 73 रनों का योगदान दिया। न्यू जनरेशन की ओर से असद अंसारी ने सर्वाधिक तीन विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू जेनरेशन की पूरी टीम 47 रनों पर आउट हो गई। टीम के लिए सलमान ने 16 रन और मो. आरिश ने 8 रनों का योगदान दिया। एसआरएमएस के लिए सुशांत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सर्वाधिक 4 विकेट, ईशान राठौर ने 3 विकेट, सोमवीर ने 2 विकेट अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिव्यांश गंगवार को और फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार असद को दिया गया। अंपायरिंग अभिजीत तोमर और मनोज यादव ने की। टूर्नामेंट सचिव पंकज ने बताया कि सोमवार को न्यू जेनरेशन क्रिकेट अकादमी ओर रविंद्रनाथ टैगोर अकादमी के मध्य मैच खेला जाएगा।